है सहारा अब मुझे तो राम सकल गुणधाम का लिरिक्स

हो के नाचूं अब दिवाना,
मैं प्रभु श्रीराम का,
है सहारा अब मुझे तो,
राम सकल गुणधाम का,
है सहारा अब मुझें तो,
राम सकल गुणधाम का।bd।

कुटिया को पावन कर डाली,
शबरी के घर जाय के,
धन्य शबरी को कर डाली,
बैर झूठे खाय के,
अपने घर प्रभू को बुलाया,
नाम जप कर राम का,
है सहारा अब मुझें तो,
राम सकल गुणधाम का।bd।

तारी जैसे गौतम नारी,
एक ठोकर मार के,
मेरी भी किस्मत जगादो,
एक ठोकर मार के,
एक वर दे दो प्रभू जी,
मुझको भक्ति दान का,
है सहारा अब मुझें तो,
राम सकल गुणधाम का।bd।

तुमने लाखों को है तारा,
मुझपे भी कर दो दया,
मैं हूं एक बालक छोटा सा,
शरण तुम्हारी आ गया,
'शिव' के घट में भी जलादो,
एक दीपक ज्ञान का,
है सहारा अब मुझें तो,
राम सकल गुणधाम का।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हो के नाचूं अब दिवाना,
मैं प्रभु श्रीराम का,
है सहारा अब मुझे तो,
राम सकल गुणधाम का,
है सहारा अब मुझें तो,
राम सकल गुणधाम का।bd।

गायक – भजन सम्राट फूलबाबू पांडेय।
लेखक / प्रेषक – शिव नारायण वर्मा।
7987402880

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com